भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1905

मंगलवार, दिनांक 04 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

फ्लोटिंग सोलर पीवी नीति ढांचा

1905 श्रीमती माया नारोलिया:
श्री केसरीदेवसिंह झाला:
श्री राजेश परमानंद शुक्ला:
श्री भाष्यम् रामा कृष्णा:
श्री विजय चिंताकायला:
श्री संजय भाटिया:
श्री उज्जवल देवराव निकम:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) तथा आई.आई.टी रुड़की द्वारा तैयार फ्लोटिंग सोलर पीवी (एफएसपीवी) क्षमता आकलन रिपोर्ट तथा फ्लोटिंग सोलर नीति के मसौदे को अंतिम रूप देने एवं अधिसूचित करने की वर्तमान स्थिति तथा समय-सीमा क्या है;

(ख) इस आकलन के अंतर्गत देश के विभिन्न जल निकायों में चिन्हित कुल फ्लोटिंग सोलर क्षमता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मसौदा नीति में विभिन्न राज्य विभागों से संबंधित फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है, यदि हाँ, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 2030 तक फ्लोटिंग सोलर पीवी (एफएसपीवी) क्षमता वृद्धि के लिए कोई लक्ष्य, यदि कोई हो, निर्धारित किए गए हैं?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (घ): राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE) द्वारा जून, 2026 में प्रकाशित "भारत की सौर पीवी संभाव्यता - फ्लोटिंग सोलर" (Solar PV Potential of India - Floating Solar) रिपोर्ट के अनुसार, भारत में फ्लोटिंग सोलर की अनुमानित संभाव्यता 102.18 गीगावाट पीक (GWp) है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार चिन्हित फ्लोटिंग सोलर संभाव्यता का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

वर्तमान में फ्लोटिंग सोलर के लिए कोई अलग फ्लोटिंग सोलर नीति उपलब्ध नहीं है। तथापि, फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में शामिल चुनौतियों को देखते हुए, भूमि-आधारित सौर परियोजनाओं की तुलना में जल संसाधन, सिंचाई, वन आदि जैसे राज्य विभागों के साथ अधिक समन्वय की आवश्यकता होती है। वर्तमान में देश में फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक (FSPV) क्षमता वृद्धि के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 04.08.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1905 के भाग (क) एवं (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य-संघ राज्य क्षेत्र-वार फ्लोटिंग सोलर संभाव्यता

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**संभावित क्षमता (गीगावाट)**
आंध्र प्रदेश	1.46
असम	0.01
बिहार	0.23
चंडीगढ़	0.01
छत्तीसगढ	2.73
गोवा	0.17
गुजरात	6.32
हिमाचल प्रदेश	1.99
जम्मू एवं कश्मीर	0.88
झारखंड	2.81
कर्नाटक	13.69
केरल	2.22
लद्दाख	0.39
मध्य प्रदेश	14.89
महाराष्ट्र	16.28
मणिपुर	0.61
ओडिशा	12.81
पुदुचेरी	0.04
पंजाब	0.03
राजस्थान	3.36
तमिलनाडु	3.34
तेलंगाना	10.72
उत्तर प्रदेश	5.64
उत्तराखंड	0.77
पश्चिम बंगाल	0.77
कुल	**102.18**

*****